**<u>प्रेस नोट दिनांक 22.01.2025</u>**
**<u>थाना भोजीपुरा जनपद बरेली।</u>**

**<u>थाना भोजीपुरा व थाना देवरनिया #bareillypolice की संयुक्त टीम द्वारा जनपद बांदा में हुई अपहरण की घटना में वांछित दो अभियुक्त पुलिस मुठभेड के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार कब्जे से दो तंमचे , खोखे व जिंदा कारतूस व एक मोटरसाईकिल बिना नम्बर , घटना मे प्रयुक्त दो मोबाईल व अपर्हत से छीनी हुई चैन व अंगुठी बरामद।</u>**

थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा पर अपहृत हरीश कटियार पुत्र गंगासरन कटियार नि0 पाण्डेपुर थाना पाली जिला हरदोई हाल निवासी अण्डा चौक थाना कोतवाली नगर जिला बांदा के सम्बन्ध में पंजीकृत मु0अ0सं0 57/25 धारा 140(2) बीएनएस व थाना भोजीपुरा जिला बरेली मु0अ0सं0 55/25 धारा 109/318(4)/338/336(3)340(2)/142/127(2)/3(5) बीएनएस 3/25/27 आर्म्स एक्ट में दिनांक 21.01.2025 को मुठभेड के दौरान फरार हुए अभियुक्त रजत उर्फ उमेश पुत्र हरीश कुमार नि0 बिबयापुर थाना भोजीपुरा बरेली व खेमेन्द्र पुत्र उमाशंकर नि0 मियाँपुर थाना भोजीपुरा बरेली को आज दिनांक 22.01.2025 को प्रातः को प्रभारी निरीक्षक थाना भोजीपुरा मय पुलिस टीम व प्रभारी निरीक्षक थाना देवरनियां मय पुलिस टीम द्वारा संयुक्त संयुक्त रूप से मुखबिर की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक भोजीपुरा द्वारा मय फोर्स के सेमीखेडा फाटक से पीछा करते हुए व प्रभारी निरीक्षक देवरनियां द्वारा मय फोर्स के भोपतपुर की तरफ सामने से घेराबंदी कर बाद पुलिस मुठभेड में भोपतपुर मार्ग पर भोजपुर सर्वसुख पुल के पास कच्चे रास्ते पर अभियुक्तों द्वारा पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से की गई फायरिंग में पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जवाबी फायरिंग में घायल अवस्था मे गिरफ्तार किया। दोनो अभियुक्तो के पैरो में गोली लगी है। अभियुक्त रजत उर्फ उमेश के कब्जे से अपर्हत हरीश कटियार से छीनी हुई चैन व अंगुठी बरामद हुई साथ ही घटना में प्रयुक्त बिना नम्बर मोटरसाईकिल टीवीएस रंग लाल जिसका इंजन नं0 व चेसिस नं0 मिटा हुआ है भी अभियुक्तो के कब्जे से बरामद हुई है। इस घटना मे पुलिस पार्टी से उ0नि0 सन्देश यादव व का0 341 हिमांशु धींगरा भी घायल हुये हैं, सभी घायलों को उपचार हेतु सरकारी अस्पताल भेजा गया। घटना के सम्बन्ध में थाना देवरनिया पर मु0अ0सं0 35/25 धारा 132/121(1)/109/221/346/3(5) बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>विवरण पूछताछ</u> –**

अभियुक्तों से पूछताछ में खेमेन्द्र व रजत उर्फ उमेश ने संयुक्त रुप से बताया कि अपहृत हरीश कटियार , अनूप कटियार का तहेरा भाई हैं तथा वर्तमान में अण्डे का थोक व्यापार का काम जनपद बांदा में करता है। अनूप कटियार के कहने पर हमने अपने साथियो अंकित उर्फ विनीत कटियार, शाहिद, आकाश, ललित, वीरु उर्फ वीरपाल के साथ मिलकर योजना बनाई जिसके लिए मैंने अब से करीब 01 माह पहले भी जब हरीश कटियार अपने गांव पाण्डेपुर आया था वहीं पर अपहरण की योजना बनाई थी और अनूप ने हरीश को साथ में ढाबे पर चलने के लिए कहा था हमने भी अपने साथियो के साथ वीरु की गाड़ी को ढाबे पर लगा रखा था परन्तु हरीश ने अनूप के साथ ढाबे पर चलने के लिए मना कर दिया था। जिससे हमारी योजना फेल हो गयी थी, फिर हमने योजना चेन्ज की और योजना के अनुसार अनूप अपनी गाड़ी UK 06 AH 0422 ग्रे कलर टाटा जस्ट को लेकर दिनांक 16/01/25 को अकेला व दूसरी गाड़ी में हम और हमारे साथी वीरू उर्फ वीरपाल की ईको में अंकित उर्फ विनीत कटियार , आकाश चले थे, ताकि रास्ते में पड़ने वाले टोल के केमरों में हम सब लोग एक गाड़ी में न दिखाई दे। अनूप ने हम सभी साथियों को बांदा में अलग होटल में रुकवा दिया था और होटल के 2000/ रुपये अंकित को दे दिये थे और मैं शाम को 09.00 बजे अपने चचेरे भाई हरीश कटियार के पास चला गया था। उसके कमरे पर रुका था और अनूप ने हरीश को चित्रकूट घुमने चलने के लिए कहा था तो हरीश ने मना कर दिया था । हमारी प्लान इसे घुमने के बहाने ले जाकर अपहरण करने की थी ताकि अपहरण करते समय कोई शोर शराबा न हो और किसी को पता न लगे । हरीश ने यह कहकर कि मेरे अण्डे की गाड़ी आ गयी मुझे उतरवानी है, मैं नहीं जा पाऊँगा । तो अनूप ने कहा कि फिर मैं भी नहीं जाऊंगा और अनूप ने अपनी योजना चेन्ज कर दी और अगले दिन रात में घऱ से ही उठाने की योजना बनाई। शाम को खाना खाने के बाद अनूप ने हरीश से कहा कि मेरे दोस्त चित्रकुट घुमकर वापस आ रहे हैं मैं उनसे मिलकर आ रहा हूँ। इस बहाने से दरवाजा खोलकर बाहर गया और हम सभी को मकान दिखा दिया था । और बताया कि रात में 1.30 बजे आ जाना मैं अन्दर से कुन्डी खोल दूँगा और तुम तमन्चा लगाकर हरीश को उठा लेना और मुझे भी धमकाना और ऐसा नाटक करना कि दोनो का अपहरण किया है । योजना बताकर वह वापस कमरे में आकर कमरे की कुन्डी बन्द करके लेट गया और हम लोग अपने होटल मे चले गये थे। और रात्रि 1.30 बजने का इन्तजार करने लगा । जब हरीश सो गया तो योजना के अनुसार जैसे ही रात का 1.30 बजे अनूप ने कुन्ड़ी खोली तो हम सब लोग अन्दर घुस गये और हरीश के उपर कबंल डालकर सर पर तमन्चा लगाकर अपहरण कर लिया और अनूप को भी धमकाया कि चल गाड़ी चला तेरा भी अपहरण हो गया । अनूप अपनी गाड़ी की सीट पर बैठ गया बराबर वाली सीट पर मैं, रजत बैठ गया पीछे वाली सीट पर बीच मे हरीश को बैठा लिया और पीछे वाली सीट पर एक तरफ अंकित उर्फ विनीत व दुसरी तरफ मै खेमेन्द्र बैठ गया । रजत ने हरीश के पेट पर तमंचा लगाये रखा और बार बार आवाज न करने के लिए धमकाता रहा । हम लोग उसे लेकर बरेली आ गये । और भुता पहुँचे और गाड़ी का तेल खतम हो गया था। अंकित ने हरीश के करंट अकाउण्ट से 7500/ रुपये क्यू आर कोड़ के द्वारा ट्रान्सफर कराये और भुता में ही पेट्रोल पंप से 3000 रुपये का तेल डलवाया था और इसका पेमेन्ट भी हरीश के सेविंग अकाउण्ट से फोन पे से पेमेन्ट कराया था और रजत ने बताया कि मैंने हरीश से चेन और अंगूठी छीन ली थी । दिन होने के कारण हम हरीश को लेकर घुमते रहे शाहँजापुर से हरदोई रोड़ पर चले गये। हरीश जब भी पानी माँगता था तो हम इसे पानी न देकर शराब देते थे ताकि हरीश को नशा रहे ऐसे ही घुमाते हुए रात हो गयी । रात में समय करीब 10.30 बजे योजना के अनुसार अंकित के गांव में हरीश को लेकर पहुँचे और गांव के बाहर ही अंकित ने उदित को बुलाकर उसकी बैठक में हरीश का मुहँ ढककर गाड़ी से उतारकर अन्दर बन्द कर दिया। जिसकी निगरानी के लिए उदित, और खेमेन्द्र ने बताया कि मेरे पिता उमाशंकर को छोड़ दिया और खाना लाने के लिए अंकित ने अपनी पत्नी लाली को लगा दिया । फिर अगले दिन अनूप और अंकित उर्फ विनीत बहेडी वाला टोल बचाते हुए लालपुर उधमसिंह नगर उत्तराखण्ड पहुँचे और अनूप ने अपने

फोन से अंकित से अपनी पत्नी ममता को फोन कराकर पाँच लाख रुपया फिरौती का माँग कराई और हरीश के फोन से उसकी पत्नी ज्योति को फोन कराकर 15 लाख रुपया की माँग कराई है और वहीं फोन करने के बाद दोंनो फोन स्विच आफ कर लिये। अनूप ने ऐसा इसलिए किया ताकि उनका लोकेशन लालपुर का आये। फिर वापस रास्ता देखते हुए कि हरीश को कहीं दुसरी जगह रखने के लिए कमरे की तलाश की, क्योंकि एक गांव में ज्यादा रखने से पकड़ने का डर था । शाहिद ने अपने किसी जान पहचान के यहाँ रखने के लिए कमरा बता दिया था उसी में हरीश को ले जाने के लिए दोनों गाड़ियों से हम सभी लोग ग्राम मिंयापुर जा रहे थे । रास्ते में पुलिस ने घेर लिया था । अनूप ने पुलिस से घिरा देखते हुए पुलिस पर गोली चलाने के लिए कहा था ताकि हम पुलिस के उपर गोली चलाकर मौका मिलते ही भाग जाये। हम दोनों व ललित फायरिंग करते हुए मौके से खेतो की तरफ भाग गये थे और हमारे साथी अनूप , अंकित उर्फ विनीत , शाहिद , वीरु उर्फ बीरपाल , आकाश दोनों गाडियो सहित पकडे गये थे । हमारा सब प्लान पुलिस ने फेल कर दिया । इसके अलावा भी हमने अनूप के कहने पर एक होम्योपैथिक संचालक व एलोपैथिक स्टोर संचालक जो जगतपुर , बरेली शहर में है के अपहरण की योजना बनाई थी। परन्तु वहाँ भीड़ भाड़ अधिक रहने के कारण पकड़े जाने के डर के कारण हमारी योजना फेल हो गयी थी ।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम/पता/आपराधिक इतिहास-</u>**

**1. रजत उर्फ उमेश पुत्र हरीश कुमार निवासी ग्राम बिबयापुर थाना भोजीपुरा जिला बरेली**

1.मु0अ0सं0 188/2024 धारा 3/25 ए एक्ट थाना भोजीपुरा जिला बरेली
2.मु0अ0सं0 271/2023 धारा 3/25 ए एक्ट थाना भोजीपुरा जिला बरेली
3. मु0अ0सं0 329/2023 धारा 323/504/506 भादवि थाना भोजीपुरा जिला बरेली
4. मु0अ0सं0 364/2024 धारा 308/323/324/325/352/504/506 भादवि थाना भोजीपुरा बरेली
5. मु0अ0सं0 411/2022 धारा 323/452/506 भादवि थाना भोजीपुरा जिला बरेली
6.मु0अ0सं0 55/25 धारा 109/318(4)/338/336(3)340(2)/142/127(2)/3(5) बीएनएस 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना भोजीपुरा बरेली
7.मु0अ0सं0 57/25 धारा 140(2) बीएनएस थाना कोतवाली नगर जिला बांदा
8. मु0अ0सं0 35/25 धारा 132/121(1)/109/221/346/3(5) बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना देवरनिया

**2. खेमेन्द्र पुत्र उमाशंकर नि0 मियाँपुर थाना भोजीपुरा बरेली**

1.मु0अ0सं0 55/25 धारा 109/318(4)/338/336(3)340(2)/142/127(2)/3(5) बीएनएस 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना भोजीपुरा बरेली
2.मु0अ0सं0 57/25 धारा 140(2) बीएनएस थाना कोतवाली नगर जिला बांदा
3.मु0अ0सं0 35/25 धारा 132/121(1)/109/221/346/3(5) बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना देवरनियां

**<u>बरामदगी-</u>**

1. एक तमन्चा 303 बोर व 01 खोखा कारतूस व 01 जिंदा कारतूस
2. एक तमन्चा 12 बोर व 02 खोखे कारतूस व 02 जिंदा कारतूस
3. घटना में प्रयुक्त 02 मोबाईल फोन
4. अपर्हत से छीनी हुई एक चैन व अंगूठी
5. घटना मे प्रयुक्त एक मोटरसाईकिल टीवीएस बिना नम्बर रंग लाल

**पुलिस टीम-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री प्रवीन सोलंकी थाना भोजीपुरा बरेली ।
2. प्रभारी निरीक्षक श्री दिनेश कुमार शर्मा थाना देवरनिया जिला बरेली
3. निरीक्षक अपराध श्री रामवीर सिंह थाना देवरनिया जिला बरेली
4. व0उ0नि0 तेजपाल सिंह थाना भोजीपुरा बरेली
5. उ0नि0 सन्देश कुमार थाना भोजीपुरा जिला बरेली
6. उ0नि0 प्रवीन कटियार थाना भोजीपुरा जिला बरेली
7. उ0नि0 कुशलपाल सिंह थाना देवरनिया जिला बरेली
8. का0 341 हिमाशू धींगरा थाना भोजीपुरा बरेली
9. का0 3265 अंकित थाना भोजीपुरा बरेली
10. का0 2808 रवि कुमार थाना भोजीपुरा जिला बरेली
11. का0 3728 रिंकू भाटी थाना भोजीपुरा जिला बरेली
12. हे0का0 706 दिवाकर सिंह थाना देवरनिया जिला बरेली
13. का0 1298 सतेन्द्र भाटी थाना देवरनिया जिला बरेली
14. हे0का0 1081 नरेन्द्र सिंह थाना देवरनिया जिला बरेली